# वार्षिक परीक्षा – 2023-24

GR

## विषय– हिन्दी

**समय : 3.15 घण्टे** **कक्षा– IX** **पूर्णांक : 100**

**निर्देश:–** (i) सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं। (ii) सभी प्रश्नों के अंक उनके सामने अंकित हैं।

1. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिये–**

किसी विदेशी संस्कृति की संवाहक भाषा एक स्वतंत्र राष्ट्र की संस्कृति के लिए कितनी खतरनाक हो सकती है, इसे हमारे देश में अंग्रेजी के वर्चस्व से समझा जा सकता है। ब्रिटिश साम्राज्यवाद से तो हमने मुक्ति पा ली, पर आजादी के साठ वर्ष बाद भी हम अंग्रेजी भाषा के रूप में विदेशी सांस्कृतिक साम्राज्यवाद को गले लगा रहे हैं। जिस अंग्रेजी भाषा को ब्रिटिश शासन काल में हमारी भाषा और संस्कृति को छिन्न-भिनन करने की एक सुनियोजित चाल के रूप में अपनाया गया था, उसे आज हम राष्ट्रीय स्वाभिमान के अभाव में स्वयं अपना रहे हैं। आज देश में सबसे अधिक सांस्कृतिक प्रदूषण अंग्रेजी के कारण फैल रहा है, जो इस बात का सबूत है कि हमारी राष्ट्रीय संस्कृति की जड़ें भीतर तक खोखली हो रही हैं। हमारे देश में भाषायी आतंकवाद पैदा करने में अंग्रेजी की प्रभावी भूमिका है। सम्पूर्ण देश में भावात्मक एकता का शंखनाद करने वाली हिंदी की उपेक्षा कर अंग्रेजी को अपनाना हमारी मानसिक दासता का परिचायक है। हमारे देश की भाषिक विविधता में सांस्कृतिक एकता का बोध सम्पर्क भाषा हिंदी के माध्यम से ही जगाया जा सकता है। राष्ट्रीय भावना से प्रेरित होकर इस सत्य को जितनी जल्दी आत्मसात् किया जाये उतना ही हमारे लिए श्रेयस्कर है।

(i) स्वतंत्र राष्ट्र की संस्कृति के लिए किसे खतरनाक बताया गया है? 1

(क) भारतीय संस्कृति को भूलना (ख) ब्रिटिश साम्राज्य
(ग) अंग्रेजी भाषा (घ) इनमें से कोई नहीं

(ii) हम आज भी अंग्रेजी को क्यों अपना रहे हैं? 1

(क) यह बोलने में अच्छी लगती है इसलिए (ख) राष्ट्रीय स्वाभिमान के अभाव के कारण
(ग) विदेशी संस्कृति को अपनाने के कारण (घ) अपने को अच्छा दिखाने के कारण

(iii) भारत में किसके कारण भाषायी अलगाववाद पनप रहा है? 1

(क) आतंकवादियों के कारण (ख) विदेशी सम्पर्क के कारण
(ग) अंग्रेजी भाषा के कारण (घ) हिंदी भाषा के कारण

(iv) देश में सांस्कृतिक एकता का बोध किससे हो सकता है? 1

(क) अंग्रेजी भाषा को अपनाने से (ख) हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में अपनाने से
(ग) विदेशी संस्कृति को अपनाने से (घ) भाषायी अलगाववाद को बढ़ाने से

(v) हम विदेशी सांस्कृतिक साम्राज्यवाद को किस रूप में अपना रहे हैं? 1

(क) विदेशी संस्कृति के रूप में (ख) विदेशी वस्तुओं के रूप में
(ग) अंग्रेजी भाषा के रूप में (घ) इनमें से कोई नहीं

(vi) राष्ट्रीय भावना से प्रेरित होकर हमें कौनसे सत्य को जल्दी आत्मसात कर लेना चाहिए? 1

(क) सांस्कृतिक एकता का बोध हिन्दी (ख) भावात्मक एकता का बोध हिंदी
(ग) विदेशी सांस्कृतिक साम्राज्यवाद की प्रतीक अंग्रेजी (घ) उपर्युक्त सभी

(vii) सुनियोजित पद में प्रत्यय है– 1

(क) 'इत' प्रत्यय (ख) 'सु' प्रत्यय (ग) 'नि' प्रत्यय (घ) 'त' प्रत्यय

(viii) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक बताइये– 1

(क) विदेशी संस्कृति और अंग्रेजी (ख) राष्ट्रभाषा और संस्कृति
(ग) राष्ट्र की संस्कृति (घ) भाषिक विविधता

**2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिये–**

विचार लो कि मर्त्य हो न मृत्यु से डरो कभी,
मरो परन्तु यों मरो कि याद जो करें सभी।
हुई न यों सु-मृत्यु तो वृथा मरे, वृथा जिये,
मरा नहीं वही कि जो जिया न आपके लिए।
यही पशु-प्रवृति है कि आप-आप ही चरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।
उसी उदार की कथा सरस्वती बखानती,
उसी उदार से धरा कृतार्थ भाव मानती।
उसी उदार की सदा सजीव कीर्ति कूजती,
तथा उसी उदार को समस्त सृष्टि पूजती।
अखण्ड आत्मभाव जो असीम विश्व में भरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिये मरे।
सहानुभूति चाहिए, महाविभूति है यही,
वशीकृता सदैव है बनी हुई स्वयं मही॥

(i) मनुष्य को मृत्यु से क्यों नहीं डरना चाहिए? 1

(क) मनुष्य मरणधर्मा है यह जानने के कारण (ख) ईश्वर की कृपा होने के कारण
(ग) भारतवर्ष में जन्म लेने के कारण (घ) मानवता का आचरण अपनाने के कारण

(ii) अमर कौन हो जाता है? 1

(क) परोपकार करने वाला (ख) तपस्या करने वाला
(ग) राज करने वाला (घ) पशु के समान जीवन जीने वाला

(iii) कवि के अनुसार मनुष्य कौन है? 1

(क) जो अपने लिए जीता है (ख) जो अपने परिवार के लिए मरता है
(ग) जो मनुष्य के लिए जीता-मरता है (घ) जो किसी के लिए कुछ नहीं करता

(iv) पशु-प्रवृति क्या है? 1

(क) दूसरों के लिए जीना-मरना (ख) हमेशा परोपकार करना
(ग) जंगलों में घूमना-फिरना (घ) केवल अपने लिए ही जीना

(v) कैसी मृत्यु सुमृत्यु होती है? 1

(क) जिसमें कष्ट होता है (ख) जिसमें कष्ट नहीं होता
(ग) जिसमें मरने के बाद भी लोग याद करते हैं (घ) जिसमें मरने के बाद कोई याद नहीं करता

(vi) प्रस्तुत काव्यांश का उचित शीर्षक बताइये– 1

(क) मनुष्यता (ख) परोपकार (ग) उदारता (घ) जीवन और मृत्यु

(vii) सहानुभूति शब्द का विलोम है– 1

(क) दयालुता (ख) करुणा (ग) क्रूरता (घ) वीरता

**3.** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(i) उपसर्ग शब्द के पूर्व लगकर उसके ........... को बदल देते हैं। 1
(ii) वह बहुत <u>फुर्तीला</u> है। रेखांकित अंश ............... है। 1
(iii) विशेषण के कुल ............... भेद होते हैं। 1
(iv) वर्णों के व्यवस्थित समूह को ............... कहते हैं। 1
(v) पर्वत, नदी, नगर, पक्षी, फूल आदि उदाहरण ............... संज्ञा के हैं। 1
(vi) 'रमेश पुस्तक पढ़ता है' वाक्य में ............... क्रिया है। 1
(vii) 'अनुज' शब्द में ............... उपसर्ग है। 1
(viii) सामाजिक शब्द में ............ प्रत्यय है। 1
(ix) विलोम शब्द लिखिये– (क) अनुकूल (ख) चेतन 1

(x) पर्यायवाची शब्द लिखिये– (दो-दो) (क) कमल (ख) राजा 1

(xi) निम्नलिखित श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द के अर्थ लिखिये– (क) नगर-नग (ख) प्रमाण-प्रणाम 1

(xii) अर्थ की दृष्टि से वाक्य के भेदों के नाम लिखिए। 2

(xiii) 'गुड़ गोबर करना' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। 2

4. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

तिब्बत की जमीन बहुत अधिक छोटे-बड़े जागीरदारों में बँटी है। इन जागीरों का बहुत ज्यादा हिस्सा मठों (विहारों) के हाथ में है। अपनी-अपनी जागीर में हरेक जागीरदार कुछ खेती खुद भी कराता है, जिसके लिए मजदूर बेगार में मिल जाते हैं। खेती का इंतजाम देखने के लिए वहाँ कोई भिक्षु भेजा जाता है, जो जागीर के आदमियों के लिए राजा से कम नहीं होता। शेकर की खेती के मुखिया भिक्षु (नम्से) बड़े भद्र पुरुष थे। वह बहुत प्रेम से मिले, हालाँकि उस वक्त मेरा भेष ऐसा नहीं था कि उन्हें कुछ भी ख्याल करना चाहिए था। यहाँ एक अच्छा मंदिर था, जिसमें कन्जुर (बुद्धवचन-अनुवाद) की हस्तलिखित एक सौ तीन पोथियाँ रखी हुई थीं, मेरा आसन भी वहीं लगा।

(i) नम्से कौन थे? 2

(ii) लेखक का आसन कहाँ लगाया गया था? 2

(iii) तिब्बत में जागीरों का अधिकतम भाग किसके पास है? 2

अथवा

वहाँ छात्रावास के हरएक कमरे में हम चार छात्राएँ रहती थीं। उनमें पहली ही साथिन सुभद्रा कुमारी मिलीं। सातवें दर्जे में वे मुझसे दो साल सीनियर थीं। वे कविता लिखती थीं और मैं भी बचपन से तुक मिलाती आई थी। बचपन में माँ लिखती थीं, पद भी गाती थीं। मीरा के पद विशेष रूप से गाती थीं सवेरे 'जागिए कृपा निधान पंछी बन बोले' यही सुना जाता था। प्रभाती गाती थीं। शाम को मीरा का कोई पद गाती थीं। सुन-सुनकर मैंने भी ब्रजभाषा में लिखना आरंभ किया। यहाँ आकर देखा कि सुभद्रा कुमारी जी खड़ी बोली में लिखती थीं। मैं भी वैसा ही लिखने लगी। *लेकिन सुभद्रा जी बड़ी* थीं, प्रतिष्ठित हो चुकी थीं। उनसे छिपा-छिपाकर लिखती थी मैं।

(i) लेखिका के स्कूल के छात्रावास में कितनी छात्राएँ रहती थीं? 2

(ii) छात्रावास में लेखिका की पहली साथिन कौन थी? 2

(iii) 'जागिए कृपा निधान पंछी बन बोले' किसकी पंक्ति है? 2

5. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

मानुष हौं, तो वही रसखानि बसौं ब्रज गोकुल गाँव के ग्वारन।
जौ पसु हौं, तो कहा बसु मेरो, चरौं नित नन्द की धेनु मँझारन।
पाहन हौं, तो वही गिरि को, जो कियो हरि छत्र पुरन्दर धारन।
जौं खग हौं बसेरो करौं मिलि कालिन्दी कूल कदम्ब की डारन ॥

(i) कवि रसखान अगले जन्म में ब्रज में ही क्यों रहना चाहते हैं? 2

(ii) रसखान अगले जन्म कौनसा पशु बनना चाहते हैं व क्यों? 2

(iii) कालिंदी नदी के किनारे किस रूप में कवि रहना चाहते हैं? 2

अथवा

पीले मीठे अमरूदों में
　　अब लाल लाल चित्तियाँ पड़ीं,
पक गए सुनहले मधुर बेर,
　　अँवली से तरु की डाल जड़ी!
लहलह पालक, महमह धनिया,
　　लौकी औ सेमफलीं फैलीं
मखमली टमाटर हुए लाल,
　　मिरचों की बड़ी हरी थैली!

(i) प्रस्तुत काव्यांश किस कविता से लिया गया है? इसके कवि कौन हैं? 2

(ii) कविता में अमरूदों की क्या विशेषता बताई गई है? 2

(iii) लहलह पालक, महमह धनिया से क्या आशय है? 2

6. निम्न अति लघूत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर दो– (i) "जाकर थाने में रपट कर दूँगा" यह कथन किसका है? 1×9=9

(ii) उपभोक्ता संस्कृति हमारी किस नींव को हिला रही है?

(iii) साइलेंट वैली कहाँ है? (iv) 'मानसरोवर सुभर जल' से कवि का क्या आशय है?

(v) 'गई न सीधी राह' से कवयित्री का क्या आशय है?

(vi) बच्चों के काम पर जाने की जवाबदेही कवि किसकी मानते हैं?

(vii) परती जमीन से क्या तात्पर्य है?

(viii) लेखिका के पिता को आई.सी.एस. की परीक्षा में बैठने से क्यों रोक दिया गया था?

(ix) गोपाल प्रसाद पेशे से क्या था?

7. निम्न लघूत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर दो– (i) छोटी बच्ची को बैलों के प्रति प्रेम क्यों उमड़ आया? 2×7=14

(ii) जिसे तुम घृणित समझते हो, उसकी तरफ हाथ की नहीं, पाँव की अंगुली से इशारा करते हो। पंक्ति में निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए।

(iii) लॉरेंस की पत्नी फ्रीडा ने ऐसा क्यों कहा होगा कि "मेरी छत पर बैठने वाली गौरैया लॉरेंस के बारे में ढेर सारी बातें जानती है?"

(iv) मनुष्य ईश्वर को कहाँ-कहाँ ढूँढ़ता फिरता है? (v) कवि को कोयल से ईर्ष्या क्यों हो रही है?

(vi) गोपाल प्रसाद के दकियानूसी विचार क्या थे? (vii) लेखिका की परदादी ने क्या व्रत ले रखा था और क्यों?

8. निम्न प्रश्नों के उत्तर दो– 3×2=6

(i) किन घटनाओं से पता चलता है कि हीरा और मोती में गहरी दोस्ती थी?

अथवा

'बच्चे काम पर जा रहे हैं।' कविता का संदेश लिखिए।

(ii) लेखिका ने अपनी नानी को कभी देखा भी नहीं, फिर भी उनके व्यक्तित्व से क्यों प्रभावित थी?

अथवा

शंकर जैसे लड़के या उमा जैसी लड़की-समाज को कैसे व्यक्तित्व की जरूरत है? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

9. मुंशी प्रेमचन्द का साहित्यिक परिचय दीजिए। अथवा कवि माखनलाल चतुर्वेदी का जीवन परिचय दीजिए। 4

10. निबन्धात्मक प्रश्नों के उत्तर दो– (i) मेघ आए कविता का सार अपने शब्दों में प्रस्तुत कीजिए। 5×2=10

अथवा

उपभोक्तावादी संस्कृति के विभिन्न दुष्परिणाम सामने आने लगे हैं। आप उनका उल्लेख करते हुए इनसे बचने के उपाय बताइये।

(ii) आपदाओं से निपटने के लिए अपनी तरफ से कुछ सुझाव दीजिए।

अथवा

समाज में महिलाओं को उचित गरिमा दिलाने हेतु आप कौन-कौन से प्रयास कर सकते हैं?

11. जलदाय विभाग, कोटा के अधिशासी अधिकारी के नाम एक शिकायती पत्र लिखिए जिसमें नगर में व्याप्त जल संकट का विवरण हो। अथवा मालिक और नौकर के मध्य हुए संवाद को लिखिए।

12. निम्न में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबन्ध लिखिए– 6

(क) राजस्थान में बढ़ता जल संकट– (i) प्रस्तावना (ii) जल संकट की स्थिति (iii) जल संकट के कारण (iv) संकट के समाधान (v) उपसंहार

(ख) जनसंख्या की समस्या एवं समाधान– (i) प्रस्तावना (ii) जनसंख्या वृद्धि एक समस्या (iii) जनसंख्या वृद्धि के कारण (iv) जनसंख्या नियंत्रण के उपाय (v) उपसंहार

(ग) भारतीय संस्कृति का अनुपम उपहार : योग

(i) प्रस्तावना (ii) योग से आशय (iii) योग का महत्व (iv) वर्तमान में योग की स्थिति (v) उपसंहार

(घ) इंटरनेट : वरदान या अभिशाप– (i) प्रस्तावना (ii) इंटरनेट प्रणाली (iii) इंटरनेट का प्रसार (iv) इंटरनेट से लाभ व हानि (v) आधुनिक जीवन में उपयोगिता (vi) उपसंहार

13. आपके विद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया, उस पर 100 शब्दों में एक प्रतिवेदन तैयार कीजिए। 4